वैदिक-प्रार्थना

The Vedic Prayer.

भवानी दयाल संन्यासी
BAWANI DAYAL SANNYASI

दक्षिण अफ़्रीका के सत्याग्रह का इतिहास

(लेखक–श्रीस्वामी भवानी दयालजी)

हिन्दी साहित्य में अद्वितीय ग्रंथ। सत्याग्रह का प्रथम और प्रामाणिक इतिहास। बत्तीस चित्रों से सुशोभित सुन्दर, सजिल्द और नेत्ररंजक। हिन्दुस्थान में सत्याग्रह के सिद्धान्त का अग्रदूत। दुर्लभ और अप्राप्य। एक मित्र की कृपा से कुछ प्रतियाँ मिली हैं और केवल एक दर्जन प्रतियाँ बिकाऊ हैं। इस की प्रशंसा करना व्यर्थ है–भारत के सारे अखबारोंने मुक्तकण्ठ से इस का बखान किया था। सन् १९२० में प्रकाशित यह द्वितीय संस्करण है और स्वामीजी की पहली तथा अमर कृति है। मूल्य केवल ७ शिलिंग। शीघ्रता कीजिये अन्यथा पछताना पड़ेगा। इसका नवीन संस्करण निकलने की अब कोई आशा नहीं है। मिलनेका पाता—

THE VEDIC PRAYER

(Vedic hymns with Hindi verses & English translation)

BY

BHAWANI DAYAL SANNYASI

PUBLISHED BY

R. B. DAYAL,

"BHAWANI—BHAWAN"

JACOBS, NATAL, SOUTH AFRICA,

1940

[*Third Edition*

॥ ॐ ॥

वैदिक प्रार्थना

लेखक—

श्री भवानीदयाल संन्यासी

प्रकाशक—

रामदत्त भवानी दयाल, "भवानी-भवन"
जेकब्स, नेटाल, दक्षिण अफ्रिका।
सन् १९४० ईस्वी।
(तृतीय संस्करण)

बाबू मथुराप्रसाद शिवहरे के प्रबन्ध से
दी फाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस अजमेर में मुद्रित

शुभ कामना

भक्ति-भाव से भरी धर्म की धारा है यह ।
भ्रान्त जनों के लिए सुबोध सहारा है यह ॥
जन्म-भूमि की ज्योति जगाने वाली है यह ।
सेवा का सन्मार्ग सुझाने वाली है यह ॥
प्रिय, पढ़िए "वैदिक प्रार्थना",
तम-तामस खो जायगा ।
दुर्भाव-द्वेष सो जायगा,
शुद्ध हृदय हो जायगा ॥

आगरा
श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी,
१६६०

हरिशङ्कर शर्मा,
(आर्य्यमित्र-सम्पादक).



स्वर्गीया श्रीमती दौलती देवी ।

जिनकी स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा "वैदिक प्रार्थना"
की ५०० प्रतियां प्रवासी विद्यार्थियों
में विना मूल्य वितरित

२९ आर्यन रोड, मेविल, डरबन,

नेटाल, दक्षिण अफ्रिका निवासी श्री बी.

बेचू, श्री बी. गोविन्द, श्री बी गणपत

और श्री बी. धनी की ओर से

उनकी स्वर्गीया माता श्रीमती

दौलती देवी की पुण्य स्मृति

में

"वैदिक-प्रार्थना"

की पांच सौ प्रतियां प्रवासी विद्यार्थियों

में विना मूल्य वितरण ।

ओ३म्

निवेदन

'वैदिक प्रार्थना' की यह तीसरी आवृत्ति है। इसकी पहली आवृत्ति सन् १९३३ में निकली थी और दूसरी आवृत्ति सन् १९३४ में। एक वार यह गुजराती लिपि में भी छप चुकी है। यही इसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। यहां इस बात को मैं दोहरा देना चाहता हूँ कि मैं न कोई कवि हूँ, न काव्यकला का मर्मज्ञ और न भाषा-विज्ञान का पण्डित। इसलिये मेरी तुक-बन्दियों में कवित्व की झलक देखने की इच्छा रखनेवाले को अवश्य निराश होना पड़ेगा। इसमें न भाषा की भव्यता है और न भावों की उड़ान; यह तो एक भक्त के हृदय का उद्‌गार है। और इसकी सृष्टि हुई है प्रवासी हिन्दुस्थानियों में वैदिक प्रार्थना के प्रचार की दृष्टि से।

'शुभ-कामना' के लिये कविरत्न पं० हरिशंकर शर्मा का कृतज्ञ हूँ और पुस्तिका के प्रेमपूर्वक मुद्रण के लिये मित्रवर श्री मथुरा प्रसादजी शिवहरे का भी। मेविल डरबन निवासी भाई श्री बी० बेचू ने अपनी स्वर्गीय माता की स्मृति में इसकी पांच सौ प्रतियां प्रवासी विद्यार्थियों में विना मूल्य वितरण करने का निश्चय किया है तदर्थ मैं उनका भी आभारी हूँ। आशा है कि इस संस्करण का भी प्रवासी हिन्दुस्थानियों में पूर्ववत् आदर और प्रचार होगा।

भवानी-भवन
जेकब्स, नेटाल,
दक्षिण अफ्रिका,
दिवाली १९३९

भवानीदयाल संन्यासी

-*-:o:-*-



श्री स्वामी भवानीदयाल संन्यासी

परिचय

(१)

स्वामी भवानीदयाल संन्यासी का नाम देश-देशान्तर में भलीभाँति प्रसिद्ध है। इसका एकमात्र कारण यह है कि उनके जीवन का प्रत्येक क्षण लोक-सेवा में ही व्यतीत होता है। उन्होंने अपनी मुक्ति के लिये संन्यास नहीं ग्रहण किया, स्वदेश-बंधुओं की मुक्ति के लिये ही सांसारिक सुखों का त्याग किया—चाहे वे देशबंधु स्वदेश में बसते हों, या विदेश में; भारत में हों, या भू मंडल के विभिन्न भागों में। आपकी सेवाएँ केवल राजनीतिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं, सामाजिक, धार्मिक और साहित्यिक क्षेत्र में भी आपकी सेवाएं स्तुत्य हैं। आपके आदर्श जीवन की यह चौमुखी प्रगति वास्तव में अतुलनीय है।

[२]

बिहार प्रांत के शाहाबाद ज़िले में ससराम सब-डिवीज़न के अंदर बहुआरा एक गाँव है। मुग़लसराय से गया जानेवाली ग्रैंडकॉर्ड-लाइन (ई० आई० आर०) के कुदरा स्टेशन से गाँव लगभग पाँच-छः मील उत्तर है। सन् १९२७ में २२ जून को मैं आपके दर्शन के लिये बहुआरा गया था। उस यात्रा का सचित्र विवरण मैंने संवत् १९८४ के श्रावण के 'बालक' में लिखा था। किन्तु इस दर्शन के पूर्व ही से, जब १९१२ में आपने जेकब्स (नेटाल) से 'हिंदी' साप्ताहिक निकाला था, मैं आपसे परिचित था।

उपर्युक्त बहुआरा-ग्राम से ही आपके पिता बाबू जयरामसिंह कुली-प्रथा के शिकार होकर दक्षिण-अफ्रिका चले गए थे। वहाँ उन्होंने अपनी श्रमशीलता और सदाचारिता से प्रचुर द्रव्योपार्जन किया, साथ ही अपने सद्गुणों के प्रभाव से स्वदेश-

वासियों में ऐसे सर्व-प्रिय हो गए कि ट्रांसवाल इंडियन-एसोसिएशन के सभापति निर्वाचित हुए, तथा कर्म-वीर गांधी के विश्वसनीय बंधु प्रमाणित होकर इति-हास के पृष्ठों में अमर बन गए।

आपकी माता श्रीमती मोहिनीदेवी, जिनका मातृगृह युक्त प्रांत में अयोध्या के निकट था, तथा जो परम सुंदरी और पति-भक्ति-परायणा थीं, अपने पतिदेव के साथ ही दक्षिण-अफ्रिका चली गई थीं। इसलिये आपका शुभ जन्म दक्षिण-अफ्रिका के सुप्रसिद्ध और सर्वश्रेष्ठ नगर जोहांसबर्ग में, सन् १८९२ ई० की १०वीं सितंबर को हुआ। यही नगर महात्मा गांधी के सत्याग्रह का भी जन्म-स्थान है।

आपकी शिक्षा भी जोहांसबर्ग में ही हुई। वहाँ के सेंट सिप्रियन और वेस्लन मेथोडिस्ट स्कूल में आपने अँगरेज़ी की तथा पंडित आत्मारामजी गुजराती की पाठशाला में हिन्दी की शिक्षा प्राप्त

की। किन्तु स्कूल की पढ़ाई से आपने कोई प्रमाण-पत्र नहीं प्राप्त किया; केवल स्वाध्याय के बल से आपने अपनी योग्यता इतनी बढ़ा ली कि आज तक आपका जीवन निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता जा रहा है।

[३]

सन् १९०४ ई० में अपने पिताजी के साथ आप भारत में पहलेपहल आए। आपकी माताजी का देहान्त सन् १८९९ में ही हो चुका था। आपके पिताजी ने अपने जन्म-स्थान—बहुआरा गाँव—को ख़रीद लिया। पड़ोस के गाँवों—इस्माइलपुर और तेंदुनी का भी कुछ भाग ख़रीदा। इस तरह उन्होंने एक छोटी-सी अच्छी ज़मींदारी का स्वामित्व प्राप्त करके आस-पास के गाँवों में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित कर ली। आपने यहाँ आने पर गाँव में ही हिन्दी का अभ्यास किया। विदेश में जन्म होने पर भी भारत की राष्ट्र-भाषा हिन्दी का बीज आपके हृदय में

वर्तमान था; क्योंकि अफ्रिका में भी घर पर माता-पिता से हिन्दी में बातें करने का अभ्यास हो चुका था। हिन्दी का वह बीज भारत का अनुकूल वायु-मंडल पाकर पल्लवित होने लगा।

सन् १९०५ में बंग-भंग के प्रबल आन्दोलन का सूत्रपात हुआ। उसी समय आपके हृदय में देश-वासे की लगन पैदा हुई। गाँव में एक राष्ट्रीय पाठशाला खोलकर आप देहाती बच्चों को विना फ़ीस पढ़ाने लगे। आंदोलन सम्बन्धी पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएँ आप सदा पढ़ा करते थे। परिणाम यह हुआ कि गांवों में, बाज़ारों में, मेलों में आप स्वदेशी प्रचार पर व्याख्यान देते फिरने लगे। उसी दौरे में आपको देहात की पुरानी रूढ़ियों से बड़ी घृणा हुई

सन् १९०९ ई० में आप आर्य-समाजी बन गए। आपने बहुआरा गाँव में भी आय-समाज खोला। गाँववालों ने आपको ही सभा का प्रधान बनाया।

फिर आपने वहाँ एक वैदिक पाठशाला भी खोली। इसके बाद आपके ही उद्योग से ससराम शहर में भी आर्य-समाज की स्थापना हुई। समाज की इन सेवाओं के फल-स्वरूप आप १९११ में बिहार की आर्य-प्रतिनिधि-सभा के अवैतनिक उपदेशक बनाए गए। उसी समय पटना से निकलनेवाले 'आर्यावर्त' नामक मासिक पत्र के सहकारी संपादक भी नियुक्त हुए।

आपका विवाह १९०८ में ही, शाहाबाद ज़िले के सखरा गाँव में, हो चुका था। आपकी पत्नी श्रीमती जगरानीदेवी अपढ़ थीं, पर आपने स्वयं उन्हें शिक्षा देकर अपने काम के योग्य बना लिया। देवीजी आगे चलकर आपके सार्वजनिक जीवन में बहुत बड़ी सहायिका सिद्ध हुईं।

सन् १९११ के जून में, आपके पिताजी का देहांत होने पर, ऐसा गृह-कलह उठ खड़ा हुआ कि आपके चित्त में घोर विरक्ति उत्पन्न हो गई।

आपके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया था, जिससे एक पुत्री थी, और एक पुत्र। आपकी विधवा विमाता ने संपत्ति के बटवारे का झगड़ा उठाया। आपके पिताजी वसीयतनामा लिख गए थे, जिससे झगड़े की कोई आशंका न थी। फिर भी आपने विमाता से विवाद नहीं किया, केवल अपने निर्वाह के लिये थोड़ी संपत्ति लेकर शेष सारी संपत्ति विमाता को सौंप दी। इसके बाद अपनी पत्नी और अनुज श्रीदेवीदयालजी के साथ दक्षिण-अफ्रिका चले गए। यह दिसंबर, १९१२ की बात है।

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आप सपरिवार 'डरबन' पहुँचे। चार दिन आप लोग जहाज़ पर ही क़ैदियों की तरह बंदी रहे। अंत में भारत लौट जाने का नादिरशाही हुक्म मिला। तब महात्मा गांधी की प्रेरणा से पोलक साहब ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। वहाँ से

आदेश मिलने पर इमिग्रेशन-अफ़सर ने, एक पारसी सज्जन रुस्तमजी से १०० पौंड की ज़मानत लेकर, आप लोगों को जहाज़ से उतरने दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चौदह दिनों के अंदर प्रवासाधिकार सिद्ध करने का अवसर दिया था। पर इस अत्यल्प अवधि के अंदर कुछ भी न हो सका। अतएव आप लोग नेटाल-प्रांत के प्रधान नगर डरबन से ट्रांसवाल की ओर चल पड़े। वहाँ की सीमा पर वालकरस्ट में आप लोग पकड़े गए, मैजिस्ट्रेट के सामने मामला चला; आख़िर प्रवासी भारत-वासियों के हितैषी पोलक साहब की ज़मानत पर छूटकर आप लोग ट्रांसवाल में प्रवेश कर सके। इस के बाद फिर प्रिटोरिया की अदालत में भी मामला चला, किन्तु सरकार ने मुक़द्दमा उठा लिया, और आपको प्रवासाधिकार प्राप्त हो गया।

जर्मिस्टन नगर के नवयुवकों ने 'इंडियन यंगमैंस एसोसिएशन' स्थापित कर आपको ही उसका अध्यक्ष

बनाया। यह १९१३ की घटना है। और, इसी साल महात्मा गांधी ने सत्याग्रह-संग्राम की घोषणा की—विशेषतः भारतीय श्रमजीवियों पर लगे हुए तीन पौंड सालाना टैक्स को रद्द कराने के लिये। आपकी वीर पत्नी सत्याग्रह की लड़ाई में शामिल हो गईं। जब 'ऑरेंज-फ़्री-स्टेट' की सीमा पर देवीजी गिरफ़्तार न हुईं, तब नेटाल की ओर बढ़ीं। इधर आपने जर्मिस्टन में सत्याग्रह छेड़ा था; पर केवल छः घंटे जेल में रखकर आप छोड़ दिए गए। छूटते ही आप अपनी पत्नी के युद्ध-पथ के पथिक हुए। दस सत्याग्रही महिलाओं और श्रीथंबी नायडू आदि कई सत्याग्रही पुरुषों के साथ आपने नेटाल की सीमा पार की।

इसके बाद आपने न्युकास्ल पहुंचकर उस देश-व्यापी हड़ताल का श्रीगणेश किया, जो दक्षिण-अफ्रिका के इतिहास में एक अमर अध्याय है। उस हड़ताल में लगभग पचीस हज़ार हिन्दोस्तानी मज़-

दूरों ने भाग लिया था, जिनमें से दस हज़ार जेल भी गए थे। आपको और आपकी पत्नी को तीन-तीन महीने का कठोर कारादंड मिला। उस समय देवीजी की गोद में सवा साल का बच्चा भी था। पति पत्नी ने न्युकास्ल, पिटरमेरीत्सबर्ग और डरबन की जेलों में क़ैद की अवधि बिताई। इसी बीच कुछ शिकायतें दूर कराने के लिये आप लोगों को भूख-हड़ताल भी करनी पड़ी थी।

कारा-मुक्त होने पर, सन् १९१४ में, आप महात्मा गांधी के अख़बार 'इंडियन ओपिनियन' के हिन्दी-विभाग के संपादक हुए। उस समय इस पत्र के संपादकीय विभाग में स्वयं महात्मा गांधी और प्रसिद्ध बैरिस्टर पोलक साहब भी थे। पर जब महात्माजी ने दक्षिण अफ़्रिका से स्वदेश की ओर प्रस्थान किया, तब आपका इस पत्र से सम्बन्ध-विच्छेद हो गया।

महात्माजी के भारत चले आने पर, सन् १९१४

में, आपने जर्मिस्टन में 'ट्रांसवाल-हिन्दी-प्रचारिणी सभा' स्थापित की। साथ ही एक हिन्दी-रात्रि-पाठशाला और एक हिन्दी-फुटबॉल क्लब भी खोला। इस तरह आपने प्रवासी भारतवासी भाइयों में हिंदी-हिंदू-हिंदुस्थान' का भाव जगाकर भारतीयता को पुष्ट किया। फिर अगले ही साल, १९१५ में, आपने नेटाल-प्रान्त में भी हिन्दी-प्रचार का कार्यारम्भ किया—न्युकास्ल, डेनहौसर, ग्लंको, हार्टिंगस्प्रुट, बर्नसाइड, लेडीस्मिथ, विनेन, जेकब्स आदि स्थानों में हिन्दी-प्रचारिणी सभाएँ और हिन्दी पाठशालाएँ स्थापित कीं—डरबन के निकट क्लेर-इस्टेट में एक हिन्दी-आश्रम बनाया, जिसमें पाठशाला, पुस्तकालय और छापेखाने की व्यवस्था की गई। पाठशाला में आपकी देवीजी भारतीय बच्चों को निःशुल्क हिन्दी-शिक्षा देती थीं। आपने अपना समस्त पुस्तक-संग्रह पुस्तकालय को दे डाला। यहाँ तक कि आपने 'दक्षिण-आफ्रिका-हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन' भी स्थापित किया,

जिसका प्रथमाधिवेशन लेडीस्मिथ-नगर में और द्वितोयाधिवेशन पिटरमेरीत्सबर्ग-नगर में हुआ था।

इस प्रकार आपके सतत सदुद्योग से प्रवासी भाइयों में हिन्दी प्रम की अनुदिन अभिवृद्धि होने लगी। डरबन से 'धर्मवीर' नामक हिन्दी-साप्ताहिक निकलने लगा। सन् १९१७ और १९१८ में आपने ही बड़ी योग्यता से उसका सम्पादन किया था। सम्पादन-कार्य करते हुए आप प्रवासी भाइयों में वैदिक धर्म का प्रचार भी करते जाते थे। किन्तु पत्र के स्वामी से मतभेद होने के कारण सम्पादकत्व छोड़ देना पड़ा।

इस समय तक प्रवासी भारतवासियों में आप बहुत लोक-प्रिय हो चुके थे। आपकी सच्ची सेवा और लगन में सबकी बड़ी आस्था थी' इसलिये सन् १९१९ में आप दक्षिण अफ्रिका के प्रवासी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने के लिये अमृतसर की कांग्रेस में भेजे गए। भारत आकर कांग्रेस

के खुले अधिवेशन में आपने प्रवासी भाइयों के दुखड़े सुनाए। उन्हीं दिनों बिजौलिया (मेवाड़) के किसानों का सत्याग्रह चल रहा था; उदयपुर-राज्य के अधिकारियों की ओर से उन पर घोर अत्याचार हो रहे थे। उसीके लिये एक जाँच-कमीशन बना। राजपूताना-मध्यभारत-सभा ने आपको भी कमीशन का सदस्य चुना। किन्तु कमीशन का कार्यारम्भ होने से पहले ही प्रजावत्सल महाराणा ने अपना ख़ास कमीशन बैठा दिया। इसलिये, १९२० में आप नेटाल लौट गए। इसी यात्रा में अपने पुत्र रामदत्त और भतीजे कृष्णदत्त को वृन्दावन के गुरुकुल में प्रविष्ट कराया।

१९२० में नेटाल पहुँचने पर आप प्रवासी भाइयों के विशेष श्रद्धा भाजन बन गए। १९२१ में आपने नेटाल-इंडियन-कांग्रेस को नव-जीवन प्रदान किया। यह संस्था मृतप्राय हो चुकी थी; पर आपने नूतन संगठन-शक्ति से इसे प्रबुद्ध किया। प्रवासी

भाइयों ने आपको ही इसका उप-सभापति बनाया, और उसी समय से अब तक आप बराबर इस पद पर बार-बार चुने जाते रहे हैं फिर आप उसके सभापति ही चुने गये।

प्रवासी भाइयों की सेवा का क्षेत्र दिन-दिन विस्तृत होने लगा। आपने एक सुसंचालित एवं सुसंपादित पत्र के अभाव का अनुभव करके डरबन के निकट जेकब्स नामक स्थान में अपनी पत्नी के नाम पर 'जगरानी-प्रेस' खोल दिया, और उसी प्रेस से, सन् १९२१ में, 'हिंदी' नामक साप्ताहिक पत्र निकाला, जो अङ्गरेज़ी और हिंदी में बहुत ही सुन्दर निकलता था। 'हिंदी' के प्रकाशन से एक मास पूर्व ही आपकी पत्नी का देहान्त हो गया। फिर भी आपने आगे बढ़े हुए पग को पीछे न हटाया। हाँ, देवीजी के आग्रह, अनुरोध एवं उत्साह से ही 'हिंदी' का जन्म हुआ था, इसलिये उनकी स्मृति-रक्षा के निमित्त आपने प्रेस का नामकरण तदनुसार ही

किया। देवीजी के निधन पर पोलक साहब ने लिखा था—"वह वीरांगना और देश-सेविका थीं तथा भारत की सच्ची पुत्री।" इसी प्रकार दीनबंधु एंडरूज ने भी लिखा था—"ग़रीबों के लिये ही उनका जीवन था, और उन्हीं की सेवा करते-करते वह चल बसीं।" सचमुच जगरानीजी आदर्श पति की आदर्श पत्नी थीं।

'हिंदी' के संपादक, व्यवस्थापक, अध्यक्ष, सब कुछ आप ही थे। उसकी संपादन-शैली में आपकी साहित्यिक प्रवृत्ति एवं मनोवृत्ति की स्पष्ट छाप है। उसके अनेक विशेषांक बड़े महत्त्व के निकले थे। वैसे सर्वांग-सुन्दर विशेषांक भारत में भी बहुत ही कम साप्ताहिकों के निकले हैं। मेरे पास 'हिंदी' पत्रिका बराबर आती थी। उसके विशेषांकों को देखकर आज भी चिंता होती है कि स्वामीजी साहित्य-क्षेत्र छोड़कर किधर भटक गए। उस पत्रिका का प्रचार दक्षिण-अफ्रिका और भारतवर्ष के अति-

रिक्त केनिया, युगांडा, टंगानिका मॉरिशस, फ़िज़ी, ट्रिनिडाड, डेमरारा, सुरीनाम आदि स्थानों के प्रवासी भारतीयों में भी था। अपने समय में वह समग्र प्रवासी भारतीयों की मुखपत्रिका बन गई थी। उसके प्रकाशन में बराबर आपने घाटा ही उठाया, फिर भी चार साल तक आपने बड़े सुन्दर ढंग से उसे निकाला। उसके अंक जहाँ कहीं होंगे, आज भी आकर्षण के ही साधन प्रतीत होंगे।

जिस साल (१९११) 'हिंदी' निकली, उसी साल आपको वहाँ की इंडियन-कांग्रेस का प्रतिनिधि बनकर गया की कांग्रेस में सम्मिलित होने के लिये भारत आना पड़ा। आपके ही प्रयत्न से गया कांग्रेस में वह प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था, जिसके अनुसार नेटाल-इंडियन कांग्रेस, ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसिएसन और केप ब्रिटिश इंडियन कौंसिल-नामक संस्थाएँ भारतीय कांग्रेस से संबद्ध कर ली गईं, तथा दक्षिण-अफ्रिका के

प्रवासी भारतवासियों को प्रतिवर्ष भारत की कांग्रेस में दस प्रतिनिधि भेजने का अधिकार मिला।

पुनः, सन् १९२५ में भी, एक शिष्ट मंडल के सदस्य बनकर आप भारत आए। इसी साल दक्षिण-अफ्रिका में ऋषि दयानन्द की जन्म-शताब्दी मनाने के लिये एक कमेटी बनी थी, जिसके प्रधान आप ही चुने गए थे। लगातार सात दिनों तक बड़ी धूमधाम से शताब्दि-जयन्ती-महोत्सव होता रहा। इसी अवसर पर नेटाल-आर्य-प्रतिनिधि-सभा की स्थापना हुई, और इसके अध्यक्ष भी आप ही निर्वाचित हुए। लेडीस्मिथ-नगर में वैदिक परिषद् भी आपके ही सभापतित्व में हुई। इन शुभ कार्यों को संपन्न करके शीघ्र ही आपको भारत की यात्रा करनी पड़ी; क्योंकि १९२५ में ही यूनियन पार्लियामेंट में प्रवासी भारतवासियों के विरुद्ध 'एशियाटिक बिल' पेश किया गया, जिसका

उद्देश्य यह था कि गोरों से भारतीयों की बस्ती बिलकुल अलग बसाई जाय। आपने भारतीयों को अछूत बनानेवाले इस अपमान-जनक क़ानून के विरुद्ध घोर आन्दोलन खड़ा किया - नेटाल-इंडियन कांग्रेस की ओर से संपूर्ण नेटाल में सभाएँ हुईं, और सब में आपके ओजस्वी व्याख्यान हुए। साउथ-अफ्रिकन-इंडियन-कांग्रेस की ओर से केप-टाउन में एक सभा हुई, जिसमें भारत भेजने के लिये एक डेपुटेशन (शिष्ट मंडल) बनाया गया। उसमें केप, ट्रांसवाल और नेटाल की ओर से सात सदस्य चुने गए, जिनमें एक आप भी थे। १९२५ के दिसंबर में कलकत्ता पहुँचकर, आप लोगों ने लॉर्ड रीडिंग से भेंट करके अपना वक्तव्य पेश किया। उस समय मैं 'मतवाला-मंडल' में था; आपका शिष्ट-मंडल कॉन्टिनेन्टल होटल में ठहरा था, इसलिये बराबर भेंट होती रही।

उसी यात्रा में आप कानपुर की कांग्रेस में

शामिल हुए थे। वहाँ आपने प्रवासी भाइयों के प्रश्न को राष्ट्रीय महासभा के सामने रक्खा, जिससे भारत भर में यह चर्चा फैल गई, और इस भारत-व्यापी आंदोलन का परिणाम यह हुआ कि उक्त बिल किसी प्रकार क़ानून का रूप न ग्रहण कर सका। अंततः केप टाउन में राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस हुई—दक्षिण-अफ्रिका की सरकार के साथ भारत-सरकार का समझौता हुआ। माननीय श्रीनिवास शास्त्री भारत के प्रथम राजदूत बनकर दक्षिण-अफ्रिका गए।

इस वार की भारत यात्रा की स्मृति में आपने १९२६ में, अपने गाँव बहुआरा में, प्रवासी-भवन बनवाया। इस भवन के बनवाने में जनता से कोई सहायता नहीं ली थी, अपने पैसे से बनवाया था; पर इसमें जो पाठशाला थी, वह नेटाल के श्री ए० डुखन के ख़र्च से चलती थी। इसमें जो पुस्तकालय था, उसमें प्रवासी साहित्य का दर्शनीय संग्रह था। मैंने जून, १९२७ में प्रवासी भवन जाकर वह अपूर्व

संग्रहालय देखा था ; पर अब उसका सारा सामान दक्षिण-अफ्रिका चला गया, और वहाँ डरबन-नगर को जेकब्स पहाड़ी पर आपके पुत्र रामदत्त और ब्रह्मदत्त ने पंद्रह हज़ार रुपए लगाकर जो 'भवानी-भवन' बनवाया है, उसी में सुरक्षित है। प्रवासी भारतीयों के सम्बन्ध का कोई ऐसा रेकर्ड नहीं, जो उसमें न हो। प्रवासी-भवन में अख़बारों की कतरनों की सुव्यवस्थित फ़ाइलें देखकर मैं दंग रह गया। किन्तु अब वह प्रवासी-भवन भी नहीं है; क्योंकि स्वामीजी ज़मींदारी के साथ-साथ भवन भी बेचकर सदा के लिये अफ्रिका में जा बसे हैं। 'भवानी-भवन' आपके नाम पर तो बना ही है, उसमें उन सब अभिनंदन-पत्रों का भी संग्रह है, जो देश-विदेश में आपको प्राप्त हुए हैं।

हाँ, सन् १९२७ में ही, श्रीरामनवमी के दिन, आपने संन्यास ग्रहण किया, पर अपना नाम नहीं बदला ; क्योंकि पीड़ित देशबंधुओं की मोक्ष के

लिये ही गेरुआ बाना धारण किया था। अब आप सार्वदेशिक आर्य-प्रतिनिधि-सभा (दिल्ली) की ओर से वैदिक धर्म का प्रचार करने के लिये दक्षिण-अफ़्रिका लौट गए, और दो बरसों तक वहाँ प्रचार-कार्य करते रहे—साथ-साथ कांग्रेस का काम भी होता रहा।

सन् १९२९ के अंत में आप पुनः भारत पहुँचे। उपनिवेशों से लौटे हुए प्रवासी भारतीयों की दशा की जाँच की। युक्तप्रांत, बिहार, बंगाल, मदरास, बंबई आदि प्रांतों में दौरा करके प्रवासी भाइयों की दशा अपनी आँखों देखी, और उनके संबंध में आवश्यक सामग्री भी एकत्र की। इस प्रयत्न में सफल होने के लिये आपको दस हज़ार मील की यात्रा करनी पड़ी थी। आपने एक तात्कालिक (Interim) रिपोर्ट निकालकर भारत-सरकार से प्रार्थना की कि वह एक कमीशन नियुक्त कर इस मामले की जाँच कराए। सरकार ने आपकी प्रार्थना के अनुसार माननीय श्रीनटसेन और श्रीग्रे का एक

कमीशन बिठा दिया। इसी यात्रा में आपने मद्रास में (१९२९ के अंत में ही) नेटाल-हाउस का उद्घाटन किया था। यह भवन भारत-सरकार की ओर से बना है, जिसमें लूले, लँगड़े और अपाहिज प्रवासियों को आश्रय मिलता है!

सन् १९३० में जब वेस्ट इंडीज़-द्वीप से भारतीयों को लेकर 'सतलज' जहाज़ कलकत्ता पहुंचा, तो बड़ी सनसनी फैल गई। अड़तालीस दिनों की यात्रा में चवालीस भारतीय मर चुके थे। आपने पंडित बनारसीदासजी चतुर्वेदी के साथ मिलकर देश-भर में घोर आंदोलन किया। 'सतलज' के चले जाने पर बंगाल-सरकार ने एक कमीशन चुना, जिसमें चौबीस-परगना के मैजिस्ट्रेट तथा प्रोटेक्टर ऑफ़् इमिग्रांट्स के साथ एक सदस्य आप भी चुने गए; किंतु आपने उस कमीशन में बैठना अस्वीकृत कर दिया। आपकी इस नीति का समर्थन महात्मा गांधी ने भी किया था।

उसी समय लाहौर की कांग्रेस में स्वाधीनता का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। आसेतु-हिमाचल विद्युत्प्रवाह दौड़ गया। स्वदेशोद्धार-युद्ध में आप भी सम्मिलित हो गए। बिहार को अपना कार्य-क्षेत्र बनाया। अपनी मातृभूमि (ज़िला शाहाबाद) के गाँव-गाँव में दौरा करके कांग्रेस का उत्साहवर्द्धक संदेश सुनाया। ज़िला कांग्रेस-कमेटी ने आपको ही अपना सभापति चुना। ज़िला-भर में जागृति की लहर उमड़ पड़ी। १२ मार्च को जब महात्मा गांधी 'डाँडी' की ऐतिसासिक यात्रा पर कूच करने लगे, आपको एक आशीर्वादात्मक तार देकर आपकी सफलता की कामना प्रकट की। किंतु मार्च (१९३०) के अंत में आप आरा स्टेशन पर गिरफ़्तार कर लिए गए। उस दिन ज़िले-भर में हड़ताल मनाई गई। मामला चला। बक्सर, डुमराँव और जगदीशपुर के जोशीले व्याख्यानों पर राजद्रोह का आरोप हुआ। ढाई वर्ष का कारावास-

दंड मिला। हज़ारीबाग़ की सेंट्रल जेल में 'ए', श्रेणी में रक्खे गए। वहाँ साल-भर रहना पड़ा। वहाँ बिहार के सभी प्रमुख नेताओं और प्रसिद्ध कांग्रेस-कर्मियों का जत्था जुटा था। 'कारागार' नामक हस्त-लिखित मासिक पत्र आपके संपादकत्व में निकलने लगा।

उसके 'सत्याग्रह-विशेषांक' में बिहार के प्रत्येक ज़िले के सत्याग्रह का इतिहास दिया गया था। उसके केवल छः अंक निकले थे, जिनकी पृष्ठ संख्या ११०० थी। गांधी इरविन-समझौते के बाद जब आप लोग मुक्त हुए, तब 'कारागार' के छः अंक बिहार-विद्यापीठ (पटना) को सौंप दिये गए। संभव है, पुलिस की तलाशी में वहां से वह अमूल्य वस्तु लुप्त हो गई हो।

सन् १९३० में ही वृंदावन के गुरुकुल में प्रवासी-परिषद् हुई थी, जिसके प्रधान प्रथम अध्यक्ष आप ही चुने गए थे। आपने भाषण लिखकर

छपा भी डाला; पर ठीक उसी समय आरा में गिरफ़्तार हो गए। अतः जेल जाते समय अपने परम मित्र पंडित बनारसीदासजी चतुर्वेदी ('विशाल भारत' संपादक) को कार्य-भार सौंप दिया, जिन्होंने वहां जाकर आपका मुद्रित भाषण पढ़ा, और बड़ी योग्यता से परिषद् का संचालन किया।

उपनिवेशों से लौटे हुए प्रवासी भारतीयों के निमित्त आपके अनुरोध से सरकार ने जो कमीशन बिठाया था, उसकी रिपोर्ट असंतोष-जनक निकली। इसलिये जेल से छूटते ही आपने अपनी विस्तृत रिपोर्ट मई, १६३१ में प्रकाशित कर दी। देश-देशांतर में इस रिपोर्ट की चर्चा हुई। महात्मा गांधी और 'टाइम्स ऑफ़् इंडिया' तक ने इस पर अग्रलेख लिखा। तब आपने देश-विदेश के प्रभाव-शाली पत्रों के अग्रलेखों का संग्रह पुस्तकाकार प्रकाशित किया—Public Opinion on the

Assisted Emigration Scheme under Indo-South African Agreement. केप-टाउन की दूसरी गोलमेज़ परिषद् में इस रिपोर्ट की बड़ी चर्चा हुई, और अंत में केप टाउन-समझौते (Cape Town Agreement) से प्रत्यागमन (Repatriation) की धारा (Clause) निकाल दी गई।

सन् १९३१ में अखिल भारतीय हिंदी-साहित्य-सम्मेलन का अधिवेशन कलकत्ता विश्वविद्यालय के सिनेट-हॉल में हुआ था। सौभाग्य वश मैं भी उसमें उपस्थित था। उसी अवसर पर आपकी अध्यक्षता में अखिल भारतीय हिंदी-संपादक-सम्मेलन हुआ था, जिसके स्वागताध्यक्ष थे 'विश्वमित्र' संचालक श्रीमूलचंद्रजी अग्रवाल बी० ए०। उसमें स्वनाम-धन्य बाबू राजेंद्रप्रसादजी, पंडित अंबिकाप्रसादजी वाजपेयी, पंडित कृष्णाकांतजी मालवीय, पंडित लक्ष्मणनारायण गर्दे आदि प्रतिष्ठित विद्वानों और

पत्रकारों के भाषण हुए थे। आपके ही अनुरोध से मुझे पत्रकार-सम्मेलन का मंत्रिपद ग्रहण करना पड़ा था।

सन् १९३१ में ही देवघर (वैद्यनाथधाम में) बिहार-प्रादेशिक हिंदी-साहित्य-सम्मेलन का दशम अधिवेशन हुआ था। उसके अध्यक्ष आप ही चुने गए थे। उस समय बीमार रहने पर भी बिहार-रत्न राजेंद्र बाबू के अनुरोध से आपको सभापतित्व अंगीकृत करना पड़ा। आपका भाषण बड़े महत्त्व का हुआ। उस समय आप 'आर्यावर्त' नामक हिंदी-साप्ताहिक का संपादन कर रहे थे। यह पत्र बिहार की आर्य-प्रतिनिधि-सभा ने पटना से निकाला था। किंतु सन् १९३२ में आपको दक्षिण-अफ्रिका चला जाना पड़ा; इसलिये 'आर्यावर्त' अपने प्रधान संपादक के बिछुड़ते ही बंद हो गया। उधर आप फ़िज़ी द्वीप जाने की तैयारी करके जब दक्षिण अफ्रिका पहुंचे तब फ़िज़ी के गवर्नर ने दक्षिण अफ्रिका के गवर्नर-जनरल को तार देकर आपका फ़िज़ीवाला पासपोर्ट रद्द करा दिया। फ़िज़ी और भारत की

कौंसिलों तथा देश-विदेश के पत्रों में इस प्रवेश-निषेध की बड़ी गरम चर्चा रही, पर फ़िज़ी की सरकार टस से मस न हुई। इसमें सबसे बड़ा विस्मयजनक कारण यह हुआ कि शाहाबाद के मैजिस्ट्रेट के सामने आपने राजद्रोह के अभियोग में जो बयान दिया था, जिसकी चर्चा पहले हो चुकी है, उसे फ़िज़ी के 'पैसफ़िक प्रेस' नामक अख़बार ने अविकल छाप डाला था। फ़िज़ी की कौंसिल में भी उस बयान की चर्चा हुई, और उसी के कारण वहाँ प्रेस-ऐक्ट भी पास हुआ।

सन् १९२२ में, जब दूसरी बार आप नेटाल की आर्य-प्रतिनिधि के प्रधान चुने गए, आपने पूर्ववत् आर्य-धर्म की सोत्साह सेवा की। उसी समय आपकी ही अध्यक्षता में, वहाँ 'दयानंद-निर्वाण-अर्द्धशताब्दी' मनाई गई। नेटाल-भर में यह महोत्सव बड़े समारोह से संपन्न हुआ। संयोग-वश उसी साल दक्षिण-अफ्रिका में 'कलोनाइज़ेशन स्कीम'

का झगड़ा उठ खड़ा हुआ। दूसरी गोलमेज़-परिषद् (केप-टाउन) में भारत-सरकार और दक्षिण-अफ़्रिका की सरकार ने मिलकर तय किया था कि भूमंडल में कोई ऐसा उपनिवेश ढूँढ़ा जाय, जिसमें भारत की बढ़ती हुई प्रवासी प्रजा को बसाने की व्यवस्था हो सके—साथ ही यहाँ के प्रवासी भारतवासी भी देखें कि प्राप्त उपनिवेश में उनके बसने की सुविधा है या नहीं, यही स्कीम थी। दक्षिण-अफ़्रिका की भारतीय कांग्रेस ने इस योजना में योग देने का वचन भी दिया; किंतु जब कमीशन बैठा, कांग्रेस के तीन-चार सदस्यों ने विरोधियों के साथ मिल-कर अपना एक अलग दल खड़ा किया। फिर भी कांग्रेस अपने वचन पर दृढ़ रही, और आप उसी दृढ़-संकल्प दल में थे। आपने नेटाल-भर में दौरा करके कांग्रेस-पक्ष का समर्थन किया। मेरीत्सबर्ग-नगर के सिटी-हॉल में जब आप भाषण दे रहे थे, विरोधियों ने अवांछित रूप से हुल्लड़बाज़ी की। पर अंत में कांग्रेस की ही

विजय हुई—योजना का अंत हो गया, कमीशन ने कांग्रेस के मत का ही समर्थन किया।

सन् १९३४ में जब सम्राट पंचम जॉर्ज के सुपुत्र दक्षिण-अफ्रिका पधारे, भारत-सरकार के एजेंट कुँवर सर महाराजसिंह ने आपको उनसे मिलाया। यह भेंट डरबन के 'ड्रिल-हॉल' में हुई थी, जहाँ भारतीय कांग्रेस की ओर से प्रिंस को भोज दिया गया था। फिर 'डरबन' नगर के मेयर ने जिन नौ भारतीय नागरिकों को प्रिंस के स्वागत (Civic Reception) में आमंत्रित किया था, उनमें एक आप भी थे। मेयर ने ही प्रिंस से आपका प्रथम परिचय कराया। इससे स्पष्ट है कि राजा और प्रजा दोनों पक्ष के लोगों में समान भाव से आपकी प्रतिष्ठा है। सन १९३४ में ही नेटाल इंडियन कांग्रेस ने दक्षिण-अफ्रिका के गवर्नर जनरल लॉर्ड क्लारंडन को एक चाय-पार्टी दी थी, जिसमें बड़ोदा के आर्य-कन्या-महाविद्यालय की कन्याओं मे बाण द्वारा

आपके गले में पुष्प-हार पहनाकर अद्भुत हस्त-कौशल दिखाया था। सन् १९३५ में जब सम्राट पंचम जॉर्ज के शासन की रजत जयंती मनाई गई, तब डरबन-कॉरपोरेशन ने उसकी व्यवस्था के लिये भारतीयों की भी एक कमेटी बनाई थी, जिसके एक सदस्य आप भी थे। उसी साल की जनवरी में आप डरबन-नगर के 'कमिश्नर ऑफ़ ओथ्स' बनाए गये। डरबन-कॉरपोरेशन ने आपके सम्मान में एक सड़क का नाम 'दयाल रोड' रख दिया है। सन १९३८ में दाक्षिण अफ्रिका के गवर्नर जरनल ने अपनी गार्डन-पार्टी में पहले पहल दस हिन्दुस्थानियों को आमंत्रित किया था उनमें आप भी एक थे।

सन् १९३५ के अंत में 'साउथ आफ्रिकन इंडियन कांग्रेस' के प्रतिनिधि बनकर आप पुनः भारत आए। इसी यात्रा में आपने बिहार के गया-नगर में 'राजेंद्र-आश्रम' का उद्घाटन किया, और लखनऊ की कांग्रेस के खुले अधिवेशन में प्रवासी

भारतीयों की दुःख-गाथा सुनाई— भारत-सरकार के प्रतिनिधि सर जगदीशप्रसाद और सर गिरिजाशंकर वाजपेयी से मिलकर प्रवासी भारतीयों की समस्या पर दो दिन बातें कीं—महात्मा गांधी और अन्य प्रमुख भारतीय नेताओं से भी प्रवासी-समस्या पर विचार-विनिमय किया, साथ-साथ समाचार-पत्रों में आंदोलन भी। इस प्रकार अपनी यात्रा सफल करके आप सन् १९३६ में दक्षिण-आफ्रिका लौट गए, और वहाँ उक्त कांग्रेस ने एक प्रस्ताव द्वारा आपकी सफलता का अभिनन्दन किया।

इधर पाँच-छः साल से आप पोर्तुगीज़ ईस्ट अफ्रिका में वैदिक धर्म का प्रचार कर रहे हैं। सन् १९३७ में पूर्व-अफ्रिका के प्रधान नगर लॉरेंसो मार्क्विस में आपके ही कर-कमलों से वेद-मंदिर की आधार-शिला रक्खी गई थी। उस शिलान्यास-महोत्सव का सचित्र विवरण भारतीय हिंदी-पत्र-पत्रिकाओं में भी छपा था। वह वेद-मंदिर वहाँ के

भारत-समाज की संपत्ति है, और उसमें पचास हज़ार से अधिक रुपए ख़र्च हुए हैं। उसमें भारतीय बालक बालिकाओं को धार्मिक और सास्कृतिक शिक्षा भी दी जाती है।

सन् १९३८ में आप नेटाल इंडियन काँग्रेस के सभापति चुने गये। नेटाल के इतिहास में यह पहला ही अवसर था कि काँग्रेस का प्रधान एक हिन्दू चुना गया। सन् १८९४ में महात्मा गांधी ने उस काँग्रेस की स्थापना की थी। तबसे अबतक कोई हिन्दू इस पद पर प्रतिष्ठित नहीं हुआ था। आपके सभापतित्व के साथ ही जागृति-युग का नेटाल में सुप्रभात हुआ। आपके उद्योग से काँग्रेस की पुरानी शाखाओं का पुनर्सङ्गठन हुआ और नवीन शाखाओं की स्थापना भी। काँग्रेस के पांच हजार से अधिक सदस्य बने। काँग्रेस के द्वारा वृद्ध और अपाहजों को सरकारी पेन्शन मिलने लगी, विधवाओं और अनाथ बच्चों के लिये भी सहायता की समुचित व्यवस्था हुई।

इसी साल की दिसम्बर में नेटाल इंडियन कॉंग्रेस की ओर से हिन्दुस्थानियों की पहली परिषद् हुई और आपकी अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण प्रश्नो पर विचार हुए। सारे प्रदेश में कॉंग्रेस की धाक जम गई।

सन् १९३९ के फरवरी में सरकार के पृथक्करण कानून Segregation Bill के विरोध में भारत सरकार को सचेत करने तथा भारतीय लोकमत जागृत करने के लिये आपको कॉंग्रेस का एकमात्र प्रतिनिधि चुनकर स्वदेश भेजा गया। यहां आकर आपने ऐसा घोर आन्दोलन किया कि भारत का लोकमत क्रोध और ग्लानि से प्रक्षुब्ध हो उठा। सारे देश ने दक्षिण अफ्रिका सरकार की नीति की निन्दा की। हिन्दुस्थान में पांच मास काम करके आप सितम्बर में दक्षिण अफ्रिका लौट गये। वहां की कॉंग्रेस ने "पेवेलियन" की विराट सभा में आपको अभिनन्दन पत्र देकर कृतज्ञता का भाव प्रकट किया। आपकी

अनुपस्थिति में वहां कुछ ऐसी घटनाएं हो गईं जिससे खिन्न होकर आपने वहां के राजनीतिक क्षेत्र से अलग हो जाने का विचार कर लिया है।

आपने हिन्दी और अंग्रेजी में अनेक पुस्तकें लिखी हैं और उनका जनता में यथेष्ट आदर हुआ है। हिन्दी में आपकी और आपकी सहधर्मिणी की एक छोटीसी जीवनी बहुत दिन पहले निकली थी जो अब अप्राप्य है। इधर 'अजीतमल' (इटावा) से 'इंडियन कलोनियल एसोसियेशन' से अंग्रेजी में आपकी एक बृहद् जीवनी प्रकाशित हुई है, जिसके सुयोग्य लेखक हैं—श्री प्रेमनारायणजी अग्रवाल, एम० ए०। हाल ही में आपकी आत्मकथा भी हिन्दी में कलकत्ता पुस्तक भंडार द्वारा प्रकाशित हुई है। इसकी भूमिका लिखी है—राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्रप्रसादजी ने और लेखबद्ध किया है हिन्दी में अनेक पुस्तकों के रचयिता—ठाकुर राजबहादुर सिंह ने। यह हिन्दी साहित्य की स्थायी सम्पत्ति है।

अंत में यह बतला देना अप्रासंगिक न होगा कि मैं भी शाहाबाद जिले का ही रहने वाला हूँ जो स्वामीजी की पैत्रिक भूमि है। मेरे संग्रहालय में आपकी सैकड़ों चिट्ठियाँ और आपके सार्वजनिक कार्यों के अनेक मुद्रित विवरण संगृहीत हैं जिनमें अखबारों की कतरनें भी काफ़ी हैं। उन सब के आधार पर स्वामीजी का एक संस्मरण कभी लिखा जायगा। मेरा अनुभव है, सार्वजनिक नेताओं की सच्ची जीवनी अखबारों की कतरनों से ही तैयार हो सकती है।

'बालक' कार्यालय
लहेरियासराय (बिहार)
हिन्दुस्थान

—शिवपूजन सहाय

॥ ओ३म् ॥

वैदिक सन्ध्या

आचमन

ओ३म् शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये । शंयोरभि स्रवन्तु नः ॥

देवी-स्वरूप ईश्वर, पूरण अभीष्ट कीजे ।
यह नीर हो सुधामय, कल्याण-दान दीजे ॥

Meditation

May the all pervading Divine Mother be gracious enough to gratify our inner craving, and send down blessings all around us !

इन्द्रिय स्पर्श

ओम् वाक् वाक् । ओम् प्राणः प्राणः । ओम् चक्षुः चक्षुः । ओम् श्रोत्रं श्रोत्रम् । ओम् नाभिः । ओम् हृदयम् । ओम् कण्ठः । ओम् शिरः । ओम् बाहुभ्यां यशोबलम् । ओम् करतलकरपृष्ठे ॥

तन मन वचन से होंगे हम शुद्ध कर्मकारी ।
दुष्कर्म से बचेंगी ये इन्द्रियां हमारी ॥
वाणी मधुर मनोहर, प्रिय प्राण शक्तिशाली ।
होंगी हमारी आँखें सुर दिव्य ज्योति वाली ॥
होंगे ये कान निर्मल, नाभी विमल सुखारी ।
होगा हृदय, दयामय ! यह शुद्ध शांतिकारी ॥
तेरे गुणों की गाथा गावेगा कण्ठ मेरा ।
शिर में रमेगा केवल गौरव अनन्त तेरा ॥
होंगे ये हाथ मेरे बल-कीर्त्ति के पुजारी ।
मेरी हथेलियां ये होंगी पवित्र प्यारी ॥

Covenant

O God ! Most sincerely and solemnly, I make a covenant with Thee that knowingly I shall never sin with my organs; 5 cognitive and 5 active senses; *v z*,, the tounge—taste, the nose—smell, the eye—sight, the ear—hearing, the palm (membrane) and its back epidermis touch, the genitals—passions, the heart—desire, the throat—speech, the head—thought, the hands—deed.

मार्जन

ओम् भूः पुनातु शिरसि। ओम् भुवः पुनातु नेत्रयोः। ओम् स्वः पुनातु कण्ठे। ओम् महः पुनातु हृदये। ओम् जनः पुनातु

नाभ्याम् । ओम् तपः पुनातु पादयोः । ओम् सत्यं पुनातु पुनश्शिरसि । ओम् खं ब्रह्म पुनातु सर्वत्र ॥

जीवन स्वरूप भगवन् ! मस्तक पवित्र करदो ॥
पावन पिता ! दयाकर आँखों में ज्योति भरदो ।
आनन्द-कन्द ईश्वर ! हम को सुकण्ठ दीजे ॥
सर्वेश ! मेरे उर में बसकर पुनीत कीजे ।
जग के जनक ! हमारी हो नाभि निर्विकारी ॥
पद भी पवित्र होवें, हे ज्ञान-ज्योतिधारी ! ॥
फिर भी पवित्र सिर हो, हे सत्य-रूप स्वामी ! ।
सब अङ्ग शुद्ध होवें, व्यापक विभो ! नमामी ॥

Divine Grace

But O Lord ! I am weak and so depend upon Thee. Purify and so strengthen my senses Thyself.

May the Living God purify the head ! May the Holy God purify the eyes ! May the Happy God purify the throat ! May the Great God purify the heart ! May the Common Father purify the genitals or animal propensities ! May the All-wise God purify the feet ! May the Eternal God again purify the brain ! May the All-pervading God purify all places !

प्राणायाम

ओम् भूः । ओम् भुवः । ओम् स्वः । ओम् महः । ओम् जनः । ओम् तपः । ओम् सत्यम् ॥

हे प्राणनाथ ! प्रभुवर ! पावन पवित्र त्राता ।
आनन्द-कन्द तू है, सब से महान ज्ञाता ॥

जग का तुही जनक है, हे ज्ञान-ज्योतिदाता।
तूही अजर अमर है, तू सत्य शिव कहाता॥

Control of Breath

O God of life ! O God of holiness
O God of happiness ! O Great God !
O God the Father ! O God of wisdom !
O God of truth !

अघमर्षण

ओम् ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्य जायत। ततो रात्र्यजायत ततः समुद्रो अर्णवः॥ समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी॥ सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथा पूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीञ्चान्तरिक्ष-मथो स्वः॥

तू विश्व का विधाता, सब का तुही सहारा।
सागर की सृष्टि कर दी, भर दी अटूट धारा॥
पहले के कल्प जैसे रवि-चन्द्र को बनाया।
दिन-रात के सहारे संवत् सुकाल लाया॥
द्यौ, अन्तरिक्ष, धरणी, विधिवत् सभी सजाये।
तू रम रहा है सब में तुझ में सभी समाये।

Contemplation of God's Power in Genesis

Principles and atoms were produced from the pregnant Nature, then came out chaos, then energy of motion, then ocean.

After the energy and the ocean came out the planetary motion. The Ruler of the universe made days and nights without effort,

The maker formed, as before, the sun and moon, the luminous and opaque bodies, the firmament and the happy region.

मनसा-परिक्रमा

ओम् प्राची दिगग्निरधिपतिरसितो रक्षिताऽऽदित्या इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु । योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥

हे ज्ञानमय अगोचर ! बन्धन में तू न आता ।
प्राची में रम रहा है रक्षक पिता कहाता ॥
आदित्य-रश्मियों से जीवन विकास पाता ।
अज्ञान के अन्धेरे से तू हमें बचाता ॥
मैं बार बार, भगवन् ! करता तुम्हें नमस्ते ।
जो द्वेष हो परस्पर निर्णय निगूढ़ हस्ते ॥

Mental Circumambulation

O All-wise and Glorious Being! Thou art before us, the Absolute, our King and Protector. Thou hast made the sun, whose beams shower life on earth. We bow down to Thee in gratitude for Thy benign rule, kind protection, and blessed gift of life. For all these blessings, O God! we humbly thank Thee, and place him, who hates us, or whomever we hate at Thy disposal.

ओम् दक्षिणा दिगिन्द्रोऽधिपतिस्तिरश्चि-
राजी रक्षिता पितर इषवः । तेभ्यो नमो
ऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो
नम एभ्यो अस्तु । योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं
द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥

तुझ को ही इन्द्र कहते दक्षिण में तू दिखाता ।
दुखदायी जन्तुओं से तू ही हमें बचाता ॥
तू ज्ञानियों के द्वारा शिक्षा-सुधा पिलाता ।
तेरे अनन्त गुणगण गाता नहीं अघाता ॥
मैं बार बार, भगवन् ! करता तुम्हें नमस्ते ।
जो द्वेष हो परस्पर निर्णय निगूढ़ हस्ते ॥

O Almighty Lord, Thou art to our right, our Sovereign and Protector from a host of the invertebrata. Thou sendest wise men to teach us.

ओम् प्रतीचीदिग्वरुणोऽधिपतिः पृदाकू रक्षितान्नमिषवः । तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु । योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ।

पश्चिम में वास तेरा तू ही वरुण कहाता ।
विषधारियों से हम को तू ही सदा बचाता ॥

पोषण तू कर रहा है, हे देव! अन्न द्वारा।
सुख में तुझे न भूलूँ, दुख में तुही सहारा॥
मैं बार बार, भगवन्! करता तुम्हें नमस्ते।
जो द्वेष हो परस्पर निर्णय निगूढ़ हस्ते॥

O Adorable Being ! Thou art behind us, our King and protector from the vertebrat, Thou createst food, which gives us life on earth.

ओम् उदीची दिक्सोमोऽधिपतिः स्वजो रक्षिताऽशनिरिषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः॥

हे सोम रूप स्वामी! मानस प्रशस्त कीजे।
उत्तर में भी तुम्हीं हो यह भाव-दान दीजे॥

विद्युत की शक्तियों में गतिशीलता सुहाती।
जीवन भी ज्योति पाता यह सृष्टि जगमगाती॥
मैं बार बार, ! भगवन् करता तुम्हें नमस्ते।
जो द्वेष हो परस्पर निर्णय निगूढ़ इस्से॥

O Father! Thou art to our left, our King, Self-existent, and our Protecotr. Thy electricity moves our blood to keep up our life and produces various motions in the world.

ओम् ध्रुवा दिग्विष्णुरधिपतिः कल्माष-ग्रीवो रक्षिता वीरुध इषवः। तेभ्यो नमो ऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः॥

हे विष्णु सर्वव्यापिन्! नीचे भी तुम लखाते।
फल, फूल, वृक्ष सब ही अनुराग राग गाते॥

रक्षक बना हुआ है सब भांति तू हमारा।
संसार में न कोई तेरे सिवा सहारा॥
मैं बार बार, भगवन्! करता तुम्हें नमस्ते।
जो द्वेष हो परस्पर निर्णय निगूढ़ हस्ते॥

O All-pervading! Thou art below, our King, and the Nourisher of our life with arboreous trees and tuberous creepers, bearing a variety of fruits.

ओम् ऊर्ध्वा दिग्बृहस्पतिरधिपतिः श्वित्रो रक्षिता वर्षमिषवः। तेभ्यो नमो ऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः॥

अन्तर्-दृगों से, भगवन्! ऊपर भी दृष्टि आते।
तुम से ही वृष्टि होती सब सृष्टि को चलाते॥

सब में भरे हुए हो, तुम से न कुछ भी खाली।
सर्वत्र रम रहे हो, पावन प्रतापशाली॥
मैं बार बार, भगवन्! करता तुम्हें नमस्ते।
जो द्वेष हो परस्पर निर्णय निगूढ़ हस्ते॥

O Great God! Thou art above, our King, Developer and Protector. Thou sendest down rain to water our fields, which produce food to preserve our life

---

उपस्थान

ओम् उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्॥

हे ज्ञान-भानु! तेरी ज्योती अनूप भाती।
अज्ञान की तमिस्रा तप-त्याग से नशाती॥

देवों का देव तू है, हे नाथ न्यायकारी !
तेरे गुणों को गावे रसना सदा हमारी ॥

Spiritual Vision

May we, perceiving God with all His glory, beyond the darkness of ignorance, all happy supreme over all, obtain Him, the Sun of our life and our spiritual Light.

ओम् उदु त्यं जातवेदस देवं वहन्ति केतवः। दृशे विश्वाय सूर्यम् ॥

है वेद तेरी वाणी, हे विश्व के प्रकाशक।
देवों में श्रेष्ठ तू है, अज्ञान-तम विनाशक ॥
जीवन में ज्योति तू है, बल है तू ही बदन में।
सर्वस्व जान तुझ को आया हूं मैं शरण में ॥

All the objects of the world serve the purpose of flags to show Him, the Glorious Being, the Maker of the worlds and the Vedas, and the Sun of life, to all the creatures.

ओम् चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः। आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षꣳ सूर्य्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च स्वाहा ॥

अद्भुत-स्वरूप तेरा, तेरी अनूप करनी।
तेरी विमल विभूती द्यौ अन्तरिक्ष धरनी ॥
तेरी अपूर्व गाथा रवि झूम-झूम गाता।
श्रद्धा की अंजली ले यह भक्त भी चढ़ाता ॥

Although all objects indicate Thee, yet, O God ! Thou art wonderous, the

Ever-wakeful Eye, and the Support of all the heavenly bodies, even the sun, the moon and fire. Thou holdest the heaven and the earth, and the firmament' Thou art the maker and the Soul of all the movable and the immovable objects. May we think, speak, and act rightly !

ओम् तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् । पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥

देवों के हे हितैषी ! सौ वर्ष तुम को ध्याऊँ ।
होकर शतायु स्वामिन् ! श्रद्धांजली चढ़ाऊँ ॥

सौ साल मेरी प्यारी आंखें रहें सुखारी।
ये कान भी ऋचाएँ सुनते रहें करारी॥
वाणी मधुर मनोहर बल ओज तेज धारी।
परवश न हों कभी हम, स्वाधीनता पुजारी॥
शत वर्ष के अनन्तर जीवें तो शोकहारी।
सब अंग की क्रियाएँ कायम रहें हमारी॥

That Ever-wakeful Eye exists pure from all eternity for the good of the learned. May we see a hundred autumns! May we live a hundred autumns! May we hear a hundred autumns! May we speak a hundred autumns! May we be free a hundred autumns! And again so for a hundred autumns!

गायत्री

ओ३म् भूर्भुवः स्वः ॥ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि । धियो यो नः प्रचोदयात् ॥

परमेश प्राणदाता अद्वैत अज अनूपम् ।
अनुभव अगम्य तू है व्यापक विभू अरूपम् ॥
है 'सत्य' रूप तेरा, 'चित' ज्ञान-मूल रूपम् ।
'आनन्द'-कन्द तू ही, अश्रुत अजेय भूपम् ॥
तप - त्याग - योग द्वारा तेरा प्रसाद पाऊँ ।
फिर अन्त में भी भगवन् ? तव ज्योति में समाऊँ ॥
हे ब्रह्म ? बस यही है एक याचना हमारी ।
बुद्धी पवित्र-पावन हो ज्ञानमय सुखारी ॥

Initiatory Verse

O Lord ! O Personification of True Existence, Intelligence and Bliss ! Everlasting, Holy, All-wise, Immortal. Thou art Unborn, without any symbolical

distinction and organization, Omniscient, Sustainer and Ruler of the Universe, Creator of all, Eternal, Protector and Preserver of the Universe, O All-pervading Spirit ! O Ocean of mercy ! Thou art the Life of the Creation, Thou art an All-blissful Being, the very contemplation of Whom wipes off all our pains and sorrows, Thou art the Sustainer of the Universe, Father of all; may we contemplate Thy holy adorable nature so that Thou mayest guide our understanding Thou art our God, who alone art to be adored and worshipped. There is none beside Thee, who is equal to Thee or above Thee. Thou alone art our Father, Ruler, and Judge. Thou alone bestoweth ~~happiness~~.

Intelligence

समर्पण

ओ३म् नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥ (यजुर्वेद अ० १६ मं० ४१)

हे मङ्गलेश शङ्कर ! सादर विनय सुनाऊँ ॥
कल्याण-मार्ग द्वारा तेरे समीप आऊँ ॥

अनुराग-रस पिलादे अवढर महान दानी ।
तेरी शरण में आया है भक्त यह 'भवानी' ॥

We bow to Thee, who art All-joy, All-happiness, the Dispenser of ease and Fulfiller of our righteous desires, All-calm, and All-peace

ईश्वर-प्रार्थना

ओम् विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव । यद्भद्रं तन्न आ सुव ॥

(यजुर्वेद अ० ३० मं० ३)

हे सर्वेश ! सकल सुखदाता, शुद्ध-स्वरूप विधाता है ।
उसके कष्ट नष्ट हो जाते जो तेरे ढिग आता है ॥
विषय-वासना के विकार से हम को नाथ ! बचा लीजे ।
जग के पावन पुण्य-पदारथ प्रेम-सिन्धु हमको दीजे ॥

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

(यजुर्वेद अ० ३० मं० ३)

तू ही स्वयं-प्रकाश, सुचेतन, सुख-स्वरूप शुभ त्राता है ।
सूर्य-चन्द्र लोकादिक को तू रचता और टिकाता है ॥
पहिले था अब भी तू ही है घट-घट में व्यापक स्वामी ।
योग, भक्ति, तप द्वारा तुझ को पाऊं हे अन्तर्यामी ! ॥

य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः यस्य च्छायाऽमृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

(यजुर्वेद अ० ५५ मं० १३)

तू है आत्मज्ञान बलदाता, सुयश विज्ञ जन गाते हैं ।
तेरी चरण-शरण में आकर भवसागर तर जाते हैं ॥
तुझ को ही जपना जीवन है, मरण तुझे बिसराने में ।
मेरी सारी शक्ति लगे प्रभु, तुझसे लगन लगाने में ॥

यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव । य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

(यजुर्वेद अ० २३ मं० ३)

तूने अपनी अनुपम माया से जग-ज्योति जगाई है ।
मनुज और पशुओं को रच कर निज प्रभुता प्रगटाई है ॥
अपने हिय सिंहासन पर श्रद्धा से तुझे बिठाते हैं ।
लेकर सर्व-सामग्री विधिवत् तुझ पर नाथ ! चढ़ाते हैं ॥

येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा येन स्वः स्तभितं येन नाकः । यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥

(यजुर्वेद अ० ३१ मं० ६)

तारे, रवि, चन्द्रादिक रचकर निज प्रकाश चमकाया है।
धरणी को धारण कर तूने कौशल अलख लखाया है !
तू है विश्व-विधाता, पोषक, तेरा ही हम ध्यान करें ।
भक्ति-भाव से भगवन् ! तेरे भजनामृत का पान करें ॥

प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव । यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥

(ऋग्वेद मं० १० सू० १२१ मं० १०)

तुझ से भिन्न न कोई जग में, सब में तुही समाया है ।
जड़-चेतन सब तेरी रचना, तुझ में आश्रय पाया है ॥
हे सर्वोपरि विभो ! विश्व का तूने साज सजाया है ।
हेतु-रहित अनुराग दीजिये, यही भक्त को भाया है ॥

स नो बन्धुर्जनिता स विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा । यत्र देवा अमृत-मानशानास्तृतीये धामन्नध्यैरयन्त ॥

(यजुर्वेद अ० ३२ मं० १०)

तू गुरु है, प्रजेश भी तू है, पाप-पुण्य फलदाता है ।
तूही सखा, बन्धु भी तूही, तुझ से ही नित नाता है॥
भक्तों को इस भव-बन्धन से तूही मुक्त कराता है ।
तू है अज, अद्वैत महाप्रभु, सर्व काल का ज्ञाता है ॥

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान् । युयोध्यस्मज्जुहुराण-मेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम ॥

(यजुर्वेद अ० ४० मं० १६)

तू है ज्ञान रूप परमेश्वर, सब का सिरजनहार तुही ।
मेरी रसना रटे तुम्हीं को, मन में बसना सदा तुही ॥
अब अनर्थ से हमें बचाते रहना हर दम दयानिधान।
भक्त'भवानी'को हे भगवन् ! दीजे यही विशद वरदान ॥

अथ स्वस्तिवाचनम्

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम् ॥ १ ॥ स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव । सचस्वा नः स्वस्तये ॥ २ ॥ ऋ० मं० १ सू० १ मं० १, ९ ॥

